जागरण

मनोहरपुर के होटलों में बिक रही नकली शराब

Publish Date:Tue, 10 Sep 2019 07:00 PM (IST)

मनोहरपुर के कई होटलों में विगत लंबे समय से बाहर की नकली शराब अवैध तरीके से बेची जा रही है।

संवाद सूत्र, मनोहरपुर : मनोहरपुर के कई होटलों में विगत लंबे समय से बाहर की नकली शराब अवैध तरीके से बेची जा रही है। जिससे यहां के शराब पसंद लोगों की जिंदगी में खतरा मंडरा रहा है। ज्ञात हो कि मनोहरपुर के लाइनपार स्थित एक होटल के अलावा पेट्रोल पंप के पास अवस्थित कई होटलों में नकली शराब की बिक्री का धंधा धड़ल्ले से जारी है। जिससे सरकार के राजस्व को भी चूना लग रहा है। शराब सप्ताह में दो से तीन दिन बाहर की दो सफेद रंग की गाड़ियों में भरकर बाहर से लाई जा रही है। ये गाड़ियां देर रात दो से तीन बजे तक मनोहरपुर में प्रवेश करती हैं और 5 बजते-बजते संबंधित ठिकानों में शराब पहुंचा दी जाती है। उसके बाद गाड़ियां वापस चली जाती हैं। नकली शराब की खेप मनोहरपुर थाना के आसपास के मुहल्ले व अन्य स्थानों में रखी जा रही है। बताते चलें कि यहां के होटलों में शराब की कीमत भी ज्यादा वसूली जाती है। जिससे शराब पीने वालों की जेबें तो कट ही रही हैं, साथ ही उनकी जिदगी भी खतरे में पड़ रही है। बड़ी बात तो ये है कि इस तरह का धंधा कर रहे लोग बेखौफ होकर ये काम कर रहे हैं। हालांकि उत्पाद विभाग समय-समय पर यहां छापेमारी कर कार्रवाई तो करती है परंतु हर बार यहां इस तरह के कारोबार करने वाली बड़ी मछलियां बच जाती हैं। जो उत्पाद विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाने के लिए काफी है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/west-singhbhum-crime-nakli-sarab-19564900.html